दैनिक जागरण
बरेली, शनिवार
21 मार्च, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

PAGE NO. III: MIDDLE

आमोद-2026 में 25 पदक के साथ सीईटी बना चैंपियन

- एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज में दो दिवसीय खेल महोत्सव का समापन
- प्रतियोगिता में लंबी कूद स्पर्धा के बालिका वर्ग का रिजल्ट नहीं किया गया घोषित

बरेली: दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव आमोद 2026 में एसआरएमएस सीईटी को चैंपियन बनने का गौरव हासिल हुआ। सीईटी ने 14 गोल्ड, आठ सिल्वर और तीन ब्रांज मेडल के साथ ट्राफी अपने नाम की। सभी स्पर्धाओं के विजेताओं खिलाड़ियों को एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति ने ट्राफी प्रदान की।

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (एसआरएमएस सीईटी) स्थित फुटबाल ग्राउंड में प्रतियोगिता का उद्घाटन गुड लाइफ अस्पताल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति ने किया था। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से संचालित सीईटी, सीईटीआर, मेडिकल, पैरामेडिकल, नर्सिंग के विद्यार्थियों ने बालक और बालिका वर्ग में आयोजित आमोद 2026 की बैडमिंटन, फुटबाल, बास्केटबाल, शतरंज, खो-खो, टेबल टेनिस, वालीबाल, कैरम, कबड्डी के साथ एथलेटिक्स की 17 स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। दो दिन के खेल के बाद शाम को पुरस्कार वितरण के साथ आमोद 2026 का समापन हुआ। एसआरएमएस आइएमएस ने 11 गोल्ड, 15 सिल्वर और तीन ब्रांज मेडल हासिल किए। प्रतियोगिता में लंबी कूद स्पर्धा के बालिका वर्ग का रिजल्ट घोषित नहीं किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, सीईटीआर के डीन डा. शैलेश सक्सेना, आइपीएस की प्रिंसिपल डा. जसप्रीत कौर, नर्सिंग कालेज की प्रिंसिपल डा. मुथु माहेश्वरी, मेडिकल कालेज के डा. एमएस बुटोला, प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर डा. अनुज कुमार, फार्मेसी विभाग के डीन डा. अमित कुमार शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. सौरभ गुप्ता, चीफ प्राक्टर इंजीनियर विवेक यादव आदि उपस्थित रहे।